क्यू/पीए. III/578/o1/2m2

विदेश मंत्रालय

(प्रशासन प्रभाग)

नई दिल्ली, दिनांक **06** मई, 2016

कार्यालय ज्ञापन

विषय : भारतीय उच्चायोग, इसलामाबाद में मेडिकल ऑफिसर के पद के लिए चयन

भारतीय उच्चायोग, इसलामाबाद में मेडिकल ऑफिसर के पद के लिए उपयुक्त मेडिकल ऑफिसरों (जनरल प्रेक्टिशनर) से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। पद का वेतनमान रुपये 15,600-39,100 जमा ग्रेड वेतन रुपये 6,600/- है। आवेदक का मौजूदा वेतन उपर्युक्त वर्णित वेतनमान से अधिक नहीं होना चाहिए।

2. चयनित अधिकारी निम्नलिखित नियमों और शर्तों, और पात्रताओं द्वारा नियंत्रित होंगे :

I. भारत में ग्रेड के साथ संलग्न वेतन बैंड में मूल वेतन जमा केंद्रीय स्वास्थ्य सेवा के अधिकारियों को यथा स्वीकार्य गैर अभ्यास भत्ता।

भारतीय उच्चायोग, इसलामाबाद में चयनित मेडिकल ऑफिसर को विदेश मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार मूल पद पर रूपये 6,600/- ग्रेड वेतन पाने वाले भारत आधारित गैर-आइएफएस, गैर- प्रतिनिधित्ववादी अधिकारियों द्वारा यथा स्वीकार्य प्रतिकर भत्ते की पात्रता होगी। प्रतिकर भत्ते की दर मंत्रालय द्वारा समय-समय पर इस संबंध में जारी आदेशों के अनुसार नियंत्रित की जाएगी। अधिकारी के पद को उसके डेपुटेशन/असाइनमेंट की अवधि के दौरान किसी भी कारण, जैसे मूल कैडर में पदोन्नति और पूर्वप्रभावी या भावी तारीख से वेतनमान में संशोधन, वार्षिक वेतनवृद्धि (यां) प्राप्त करने, एमएसीपी आदि, से अपग्रेड नहीं किया जाएगा।

पात्रतानुसार आवास ।

IV. चयनित अधिकारी और उसके परिवार के सदस्यों के लिए समय-समय पर यथा संशोधित आईएफएस (पीएलसीए) नियमों, 1961 के अनुसार भारत में तैनाती के स्थान इसलामाबाद और वापसी के लिए सरकारी खर्चे पर रेल-सह-एयर पैसेज।

V. एएमए योजान के लाभ, कम्पोजिट ट्रांसफर ग्रांट, आउटफिट भत्ता, गृहनगर अवकाश किराया और समय-समय पर यथा संशोधित मौजूदा नियमों के अनुसार गैर-आईएफएस अधिकारियों को यथा स्वीकार्य अन्य रियायतें।

VI. यह पद गैर-अभ्यासी है तथा ऊपर बताए गए यथा स्वीकार्य सामान्य प्रतिकर लाभ देय होंगे।

VII. विदेश में डेपुटेशन अवधि के दौरान यचनित डॉक्टर की अपने पेरेंट कैडर में पदोन्नति हो जाने की स्थिति में "आगामी निम्न नियम" के अंतर्गत कोई लाभ देय नहीं होगा।

VIII. डेपुटेशन की सामान्य अवधि दो वर्षों के लिए है, जिसे लोक हित में घटाया या बढ़ाया जा सकता है।

3. अनुरोध किया जाता है कि भारतीय उच्चायोग, इसलामाबाद में मेडिकल ऑफिसर के पद के लिए रिक्ति को मेडिकल ऑफिसरों के बीच परिचालित किया जाए तथा पात्र अधिकारियों के आवेदनपत्र पूरे विवरणों, जैसे नाम, जन्म तिथि, वर्तमान वेतन और वेतनमान, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, परिवार का आकार आदि, के साथ तथा उनकी पिछले 5 वर्षों की अद्‌यतन वार्षिक निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्टों और सतर्कता क्लियरेंस प्रमाणपत्र के साथ अधोहस्ताक्षरी को इस कार्यालय ज्ञापन जारी होने की तारीख से 30 दिनों के भीतर अग्रेषित कर दिए जाएं।

4. निर्धारित तारीख के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनपत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में किसी प्रकार के प्रश्नों को usgapmea.gov.in पर श्री शंभु हक्की, अवर सचिव (जीए एंड पीए-3) को संबोधित किया जा सकता है।

5. इस कार्य के लिए चयनित अधिकारी को बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

हस्ता/-
(सिबि जॉर्ज)
संयुक्त सचिव (प्रशासन)

प्रतिलिपि -

1. सभी राज्य सरकारों और संघ शासित क्षेत्रों के मुख्य सचिव

2. सचिव, रेलवे बोर्ड, रेल मंत्रालय, रेल भवन, नई दिल्ली
3. संयुक्त सचिव (जी), रक्षा मंत्रालय, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली
4. उप सचिव, सीएचएस, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली